UNI
BREVITY ACCURACY SPEED
यूनीवार्ता
भारत की अग्रणी संवाद समिति

http://www.univarta.com/edii-and-ncw-made-5796-women-entrepreneurs-aware/states/news/3248144.html

# ईडीआईआई और एनसीडब्ल्यू ने 5796 महिला उद्यमियों को बनाया जागरूक

अहमदाबाद, 25 जुलाई (वार्ता) भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने 100 'एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्रामों' (उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम) का गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद में समापन किया। अब तक 35 राज्यों/ केन्द्रशासित प्रदेशों में इन कार्यक्रमों के ज़रिए 5796 भावी महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

ईडीआईआई अहमदाबाद परिसर में आज 35 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में भावी महिला उद्यमियों के लिए 100 उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रमों के भव्य समापन का आयोजन किया गया। परियोजन का संचालन राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग एवं समर्थन से किया गया। इसका उद्घाटन दो जून 2023 को उज्जैन में हुआ था। समापन समारोह के दौरान गुजरात सरकार से राज्य गृह, उद्योग, सांस्कृतिक गतिविधि (राज्य मंत्री), खेल, युवा सेवा (स्वतन्त्र प्रभार) मंत्री हर्ष संघवी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा अतिथि थीं। साथ ही भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी समारोह में शामिल हुए।